दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 29 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 179

महत्वपूर्ण एवं खास

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला : ईडी ने सिसोदिया के पीए से की पूछताछ

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में एक ताजा घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के निजी सहायक (पीए) देवेंद्र शर्मा से पूछताछ कर रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी द्वारा जांच में शामिल होने के लिए शर्मा को फिर से बुलाया गया था। वह जांच में शामिल हुए और ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। पिछली बार पूछताछ के दौरान उनका सामना सिसोदिया से हुआ था। ईडी ने पहले अदालत को बताया था कि पूछताछ के दौरान पूर्व सचिव सी. अरविंद, आबकारी सचिव अरावा गोपी कृष्णा और संजय गोयल का एक साथ आमना-सामना कराया गया। ईडी ने अब तक मामले में दो चार्जशीट दायर की है।

ट्विटर एक्टिविस्ट पर भ्रामक जानकारी पोस्ट करने का मामला दर्ज

लखनऊ (आरएनएस)। मेक इन यूपी' और 'मेक इन इंडिया' परियोजनाओं के बारे में भ्रामक जानकारी पोस्ट करने और राज्य सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग की छवि खराब करने के आरोप में एक 'ट्विटर एक्टिविस्ट' के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल पुरवार ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी ट्विटर एक्टिविस्ट मनीष पांडे ने अवैध लाभ के लिए अपराध किया है। उन्होंने कहा कि आईसीटी के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर 18,381 स्मार्ट क्लास स्थापित करने के लिए जीईएम पोर्टल पर ग्लोबल टेंडर जारी किया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा, 22 मार्च को, आरोपी ने भ्रामक जानकारी पोस्ट की, इसमें कहा गया था कि बेसिक शिक्षा के लिए 500 करोड़ रुपये का टेंडर हो रहा था। उन्होंने लिखा कि मेक इन यूपी और मेक इन इंडिया परियोजनाओं का क्या फायदा, क्योंकि यह एक ग्लोबल टेंडर है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी और मामले की जांच की जा रही है।

बेटे को बचाने के लिए काट दिया 10 वर्षीय लड़के का गला, तांत्रिक के कहने पर चचेरे भाई ने दी बलि

बहराइच (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के परसा गांव में एक तांत्रिक की सलाह पर मानव बलि के लिए 10 वर्षीय लडक़े की हत्या कर दी गई। युवक का गला कटा शव खेत में दबा मिला। पुलिस के मुताबिक कृष्णा वर्मा का बेटा विवेक पिछले हफ्ते लापता हो गया था। बाद में खेत में बच्चे का गला कटा शव मिला। पुलिस ने दावा किया कि मृतक बच्चे के चचेरे भाई अनूप ने मानसिक रूप से विक्षिप्त अपने ढाई साल के बेटे को बचाने के लिए लडक़े की बलि दी। जब इलाज से सकारात्मक परिणाम नहीं मिला, तो अनूप ने अपने गांव के पास एक तांत्रिक से संपर्क किया। तांत्रिक ने अनूप को मानव बलि देने के लिए उकसाया, इसके बाद उसने एक अन्य रिश्तेदार के साथ बच्चे को मार डाला।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी रिश्तेदार और तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ज्ञानवापी मामले में अखिलेश यादव और ओवैसी को नोटिस जारी, 14 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

वाराणसी (आरएनएस)। ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अनुराधा कुशवाहा की अदालत ने एक वकील हरि शंकर पांडे द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका में प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। इस पुनरीक्षण याचिका में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अन्य के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पाए गए कथित 'शिवलिंग' पर उनकी कथित टिप्पणी और विजिटर्स द्वारा स्नान तालाब को कथित रूप से गंदा करने के लिए मामला दर्ज करने की मांग की गई है। हरि शंकर पांडे ने कहा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-वी (सांसद-विधायक) उज्जवल उपाध्याय की अदालत ने 15 फरवरी को मेरी याचिका खारिज कर दी, इसके बाद मैंने जिला न्यायाधीश की अदालत में एक पुनरीक्षण याचिका दायर की। जिला न्यायाधीश न्यायालय से पुनरीक्षण याचिका एडीजे-नौवीं की अदालत में स्थानांतरित की गई।

राज्यपाल ने 65 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल से नवाजा

- राज्यपाल हरिचंदन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए
- देश का भविष्य युवाओं के सपनों से गढ़ा जाएगा- राज्यपाल
- दो विद्वानों को मानद् उपाधि
- त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का विमोचन

रायपुर (आरएनएस)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर का चौथा दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त कमलेश शशि प्रकाश मौजूद थे। समारोह में विश्वविद्यालय के 58 और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के 7 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं डिग्री से अंलकृत किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा समाज विज्ञान और कला संकाय में योगदान के लिए 2 विद्वानों को मानद् उपाधि से विभूषित किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने गणित एवं अंग्रेजी विषय के 2 शोधकर्ता विद्यार्थी को पहली बार पीएचडी की उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी. एन वाजपेयी, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का विमोचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिचंदन ने स्वर्ण पदक एवं मानद उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थी एवं विद्वानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के सपनों और आशाओं से गढ़ा जाएगा। दीक्षांत समारोह विद्यार्थी और यूनिवर्सिटी के लिए एक यादगार दिन होता है। आपने विश्वविद्यालय में जो शिक्षा अर्जित की है, वो एक बेहतर और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। विद्यार्थियों को सतत अपनी क्षमता और ज्ञान के विकास के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा सरकार ने शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शिक्षा नीति में समावेशी शिक्षा को शामिल किया गया है, जिसमें बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया जा रहा है। आज हम अपनी प्राचीन समृद्ध ज्ञान और परम्परा को भूल गए है। अपनी पुरानी प्रतिष्ठा को फिर से अर्जित करने के लिए शिक्षा व्यवस्था में मानवीय मूल्यों और परम्पराओं को शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही मानवीय मूल्यों, परम्पराओं और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। विद्यार्थी नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते है। मुख्य अतिथि उच्चायुक्त कमलेश शशि प्रकाश ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खूब पढ़े इसे अपनी आदत में शामिल कर ले। पढ़ाई से ही आपके सपनों को उंची उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कुलपति ए.डी.एन वाजपेयी ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी।

मानद् उपाधि से इन्हें नवाजा गया - फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त कमलेश शशि प्रकाश को समाज विज्ञान संकाय ने मानद् उपाधि और सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. पुष्पा दीक्षित को कला संकाय में डी. लिट की उपाधि दी गई। विश्वविद्यालय में शोधकर्ता दो विद्यार्थियों को गणित एवं अंग्रेजी विषयों में पहली बार पीएचडी की उपाधि दी गई।

हेलीपेड पर राज्यपाल का स्वागत - राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के आगमन पर बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय हेलीपेड पर उनका स्वागत किया गया। हरिचंदन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए शहर पहुंचे। हेलीपेड पर संभागायुक्त डॉ0 संजय अलंग, बिलासपुर आईजी बी.एन.मीणा, कलेक्टर सौरभ कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

अनियंत्रित बाइक सवारों युवकों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत एक गंभीर

सुल्तानपुर (आरएनएस)। वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की दोपहर बाइक सवार युवक अनियंत्रित हो गए। इस दौरान वे पिकअप से टकराते हुए जमीन पर घिसटने लगे। मामले में स्थिति गंभीर होती गई और पीछे से आ रहे ट्रक ने दोनों युवकों को रौंद दिया। दोनों युवक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनगवां गांव के रूप में सामने आई है। लंभुआ कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे हैं। इस बीच भीड़ को चकमा देते हुए ट्रक चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान रमेश कुमार मौर्य (40) पुत्र राम निहोर निवासी भदैया,

विकास (18) सुत त्रिवेणी बभनगवां के रूप में हुई है। घायल विकास (22) पुत्र फूल चंद निवासी झौवारा के रूप में हुई है।

लंभुआ कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। उसकी खोजबीन के लिए आवश्यक सुनिश्चित कार्रवाई की जा रही है। मृतक की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों को सूचित करने की व्यवस्था की गई है। घायल के इलाज के लिए चिकित्सीय परामर्श एवं समुचित प्रबंधन कराया जा रहा है।

अलसी की खेती के लिए आगे आएं किसान - कृषि उत्पादन आयुक्त

- कम लागत एवं ज्यादा मुनाफा वाली फसल है अलसी
- अलसी पर एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी सह प्रशिक्षण संपन्न

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा है कि अलसी फसल की उपयोगिता, महत्व, कम लागत एवं ज्यादा मुनाफे को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में इसके उत्पादन को बढ़ावा दे रही है तथा किसानों को अलसी की खेती के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि अलसी एक बहुउपयोगी फसल है, जिससे तेल, कपड़ा तथा अन्य कई उत्पाद निर्मित किये जा सकते हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि यह फसल मौसम की प्रतिकूलता को सहन करने में सक्षम है तथा कम पानी और अल्प संसाधनों में भी अच्छी उपज देती है। डॉ. सिंह ने किसानों से अलसी की खेती के लिए आगे आने का आव्हान किया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से अलसी की अधिक उपज देने वाली डुअल परपस नवीन किस्में विकसित करने का अनुरोध किया। कृषि उत्पादन आयुक्त आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित अलसी अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर, कोण्डागांव, मैनपाट एवं बेमेतरा के सहयोग से किया गया।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. सिंह ने कहा कि अलसी की उपयोगिता तथा गुणों के कारण विगत कुछ वर्षों में इसके उपयोग में इजाफा हुआ है। भारत सरकार द्वारा इसे अखाद्य तेल के रूप में चिन्हित करने के कारण अलसी के तेल का उपयोग पेन्ट एवं वार्निश उद्योग में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में ओमेगा-3 फैटी ऐसिड होने के कारण आज-कल इसका उपयोग हृदय रोगों की रोक-थाम के लिए भी किया जा रहा है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा अलसी के डंठलों से लिनेन कपड़ा तैयार करने की तकनीक विकसित की गई है, जिससे इसका दोहरा उपयोग हो रहा है। उन्होंने कृषक संगोष्ठी में उपस्थित किसानों से कहा कि वे अलसी के गुणों तथा महत्व एवं इससे होने वाली आय को देखते हुए अलसी की खेती के आगे आएं तथा अन्य किसानों को भी प्रेरित करें।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में काफी लम्बे समय से अलसी के तेल का उपयोग किया जाता रहा है तथा यहां के किसान अलसी की फसल को प्रमुखता के साथ उगाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के कुल अलसी उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत उत्पादन तथा रकबा छत्तीसगढ़ में है। उन्होंने कहा कि देश भर में अलसी बीजों की आवश्यकता का 40 प्रतिशत हिस्से की आपूर्ति छत्तीसगढ़ कर रहा है। डॉ. चंदेल ने कहा कि अलसी से तेल के अलावा कपड़ा, मुखवास, लड्डू, चटनी तथा अन्य कई उत्पाद निर्मित किये जा रहे हैं।

अवैध खनन के विरुद्ध अभियान में 330 लोग गिरफ्तार, 906 वाहन जब्त

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान पुलिस द्वारा अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में अवैध खनन, अवैध निर्गमन और अवैध भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित कर सघन कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के दौरान अवैध खनन के कुल 813 प्रकरण दर्ज किए गए एवं 397 प्राथमिकी दर्ज कर 330 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 633 ट्रैक्टर ट्रॉली, 273 डंपर टोला व ट्रक, 15 एचईएमएम मशीन एवं 33 अन्य मशीनों सहित अवैध भंडारण की गई 7472 टन खनिज की मात्रा भी जब्त की गई है।

महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने बताया कि इस एकदिवसीय अवैध खनन निर्गमन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्यवाही के लिए सभी रेंज महानिरीक्षक एवं पुलिस आयुक्तगण को निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में आवश्यक तैयारियां कर पर्याप्त पुलिस बल के साथ यह कार्यवाही की गई।

मिश्रा ने बताया कि जोधपुर रेंज में जोधपुर ग्रामीण, पाली, बाड़मेर, जालौर, सिरोही व जैसलमेर जिले में अवैध खनन के कुल 10 व अवैध निर्गमन के 5 प्रकरण सहित कुल 15 प्रकरण प्रकरण दर्ज किये गये। इन प्रकरणों में 8 एफआईआर दर्ज की गई और 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जोधपुर रेंज में 34 ट्रैक्टर ट्रॉली,18 डंपर ट्रोला व ट्रक 5 एचईएमएम मशीन व 1 अन्य मशीन जब्त की गई। साथ ही अवैध भंडारण में 434 टन खनिज की मात्रा भी जब्त की गई है। जोधपुर आयुक्तालय में जा रहे डंपर ट्रक तथा 20 टन पत्थर किए गए।

इसी प्रकार भरतपुर रेंज के भरतपुर, धौलपुर, करौली व सवाईमाधोपुर जिलों में अवैध खनन के 31 व अवैध निर्गमन के 136 प्रकरणों सहित कुल 167 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। इन प्रकरणों में 75 एफआईआर दर्ज कर 53 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। भरतपुर रेंज में 103 ट्रैक्टर ट्रॉली, 49 डंपर ट्रोला, ट्रक 3 एचईएमएम मशीन, 14 अन्य मशीनरी सहित अवैध भंडारण की गई 1965 खनिज की मात्रा जब्त की गई।

महानिदेशक पुलिस ने बताया कि अजमेर रेंज के अजमेर, भीलवाड़ा व नागौर जिलों में अवैध खनन के 3, अवैध निर्गमन के 169 तथा अवैध भंडारण का एक प्रकरण सहित कुल 173 प्रकरण दर्ज किए गए। इन प्रकरणों में कुल 142 एफआईआर दर्ज की गई और 121 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। कोटा रेंज में अवैध निर्गमन के 75 व अवैध भंडारण के एक प्रकरण सहित कुल 76 प्रकरण दर्ज किए गए । कोटा रेंज में 38 एफ आई आर दर्ज कर 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 80 ट्रैक्टर ट्रॉली, 18 डंपर ट्रोला व ट्रक सहित 663 टन खनिज जब्त किया गया।

इसी प्रकार बीकानेर रेंज में अवैध खनन के 10 व अवैध निर्गमन के 137 प्रकरण सहित कुल 147 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। बीकानेर रेंज में तीन एफ आई आर दर्ज कर 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 30 ट्रैक्टर ट्रॉली, 109 डंपर ट्रक, 3 एचईएमएम मशीन व 6 अन्य मशीनरी सहित कुल 148 वाहन व मशीन जब्त किए गए।।

मिश्रा ने बताया कि उदयपुर रेंज में अवैध खनन के 5, अवैध निर्गमन के 65 व अवैध भंडारण के एक प्रकरण सहित कुल 71 प्रकरण दर्ज किए गए। उदयपुर रेंज में 64 ट्रैक्टर ट्रॉली, 12 एफआईआर दर्ज कर 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 64 ट्रैक्टर ट्रॉली, 15 डंपर ट्रक, एक एचईएमएम मशीन व एक ट्रैक्टर मय कंप्रेशर मशीन सहित कुल 81 वाहन व मशीन तथा 128 टन पत्थर,268 टन बजरी, 27 टन क्वार्टज जब्त की गई।

बद्रीनाथ-केदारनाथ में 300 रुपए में कर सकेंगे वीआईपी दर्शन, बोर्ड की बैठक में फैसला

देहरादून (आरएनएस)। चारधाम यात्रा के दौरान बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन करने वालों को अब 300 रुपये फीस चुकानी होगी। बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया है।

कैनाल रोड स्थित कार्यालय में बीकेटीसी की बोर्ड बैठक हुई जिसमें चारधाम यात्रा के संदर्भ में कई निर्णय लिए गए। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शन करने वालों को अब 300 रुपये प्रति यात्री के हिसाब से शुल्क चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति ने देश के चार प्रमुख मंदिरों तिरुपति बाला जी, वैष्णो देवी, महाकालेश्वर व सोमनाथ मंदिरों में पूजा, दर्शन आदि व्यवस्थाओं के प्रबंधन अध्ययन के लिए चार दल भेजे थे। उनकी रिपोर्ट की संस्तुतियों के आधार पर बदरीनाथ व केदारनाथ मंदिरों के दर्शनों के लिए आने वाले सभी तरह के वीआईपी से विशेष दर्शनों व प्रसाद के लिए प्रति व्यक्ति तीन सौ रूपये का शुल्क लेने का निर्णय लिया है। मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 76 करोड़ से अधिक के बजट के मंजूरी दी गई। इसमें बद्रीनाथ धाम के लिए 39 करोड़ जबकि केदारनाथ धाम के लिए 36 करोड़ का बजट मंजूर किया गया।

प्रदेश के सभी जिलों में एक अप्रैल से होगा फोर्टिफाइड चावल का वितरण

- प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, नि:शक्जन श्रेणी के राशनकार्डधारियों को मिलेगा फोर्टिफाइड चावल
- राज्य सरकार ने पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने कोण्डागांव जिले से शुरू की थी फोर्टिफाइड चावल वितरण अभियान
- सूक्ष्म पोषक तत्वों विटामिन बी-12, फोलिक एसिड और आयरन से भरपूर है फोर्टिफाइड चावल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को दूर करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्राथमिकता वाले परिवारों को फोर्टिफाइड चावल वितरण का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी जिलों में आगामी माह के एक अप्रैल से फोर्टिफाइड चावल का वितरण होगा। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। फोर्टिफाइड चावल प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, नि:शक्जन, श्रेणी के राशनकार्डधारियों को वर्तमान में दिए जा रहे सामान्य चावल के स्थान पर मिलेगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार सार्वभौम पीडीएस के तहत खाद्यान्न सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा एनीमिया एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी को दूर करने नवम्बर 2020 से कोण्डागांव जिले में फोर्टिफाइड चावल वितरण प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में मध्यान्ह भोजन योजना तथा पूरक पोषण आहार योजना में प्रदेश के सभी जिलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य के 10 आकांक्षी जिले (कोरबा, राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाडा, बीजोपुर, बस्तर, कोण्डागांव, सुकमा) तथा 02 हाई बर्डन जिले (कबीरधाम एवं रायगढ़) में फोटिफाइड चावल का भी वितरण किया जा रहा है।

आयरन और विटामिन से भरपूर है फोर्टिफाइड चावल- फोर्टिफाइड चावल पोषक एवं स्वास्थ्यवर्धक है। यह आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 से युक्त होता है। इसमें मौजूद आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 जैसे पोषक तत्व बड़ो एवं बच्चों में खून की कमी नहीं होने देता है तथा खून निर्माण एवं तंत्रिका तंत्र के सही ढंग से कार्य में सहायक होता है। प्रदेश के कई स्थानों पर फोर्टिफाइड चावल को लेकर प्लास्टिक चावल होने का भ्रम भी सामने आई है। दरअसल फोर्टिफाइड चावल सामान्य चावल से अधिक चिकना और अलग दिखता है, लेकिन वह प्लास्टिक नहीं है। लेकिन बेहतर गुणवत्ता वाला चावल है। खाद्य विभाग द्वारा लोगों में भ्रम की स्थिति को दूर करने राशनकार्डधारियों को आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानीन, एवं उचित मूल्य दुकानों में बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल को पकाने के तरीके एवं उपयोग के संबंध में समय-समय पर जागरूक किया जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक फूड फोर्टीफिकेशन का मतलब होता है टेक्नोलॉजी के माध्यम से खाने में विटामिन और मिनरल के स्तर को बढ़ाना। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आहार में पोषक तत्वों की कमी को दूर किया जा सके और इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी लाभ मिले। आम तौर पर चावल की मिलिंग और पॉलिशिंग के समय फैट और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर चोकर की परतें हट जाती है। चावल की पॉलिश करने से 75-90 प्रतिशत विटामिन भी निकल जाते है जिसके वजह से चावल के अपने पोषक तत्व खत्म हो जाते है। इसलिए चावल को फोर्टिफाई करने से उनमें सूक्ष्म पोषक तत्व न सिर्फ फिर से जुड़ जाते है बल्कि और ज्यादा मात्रा में मिलाये जाते है जिससे चावल और अधिक पौष्टिकयुक्त हो जाता है।

बता दे कि चावल को फोर्टीफाई करने के लिए सबसे पहले सामान्य चावल का पाउडर बनाया जाता है और उसमे सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे विटामिन बी-12, फोलिक एसिड और आयरन, एफएसएसएआई ;थ्ै।प्द्ध के मानकों के अनुसार मिलाये जाते है। चावल के पाउडर और विटामिन/मिनरल के मिश्रण को मशीनों द्वारा गूंथा जाता है और एक्सट्रूजन नामक मशीन से चावल के दानों फोर्टिफाइड राइस कर्नेल एफआरके को निकाला जाता है। इस एफआरके के एक दाने (ग्राम) को सामान्य चावल के 100 दानों (ग्राम) के अनुपात में मिलाया जाता है जिसे फोर्टीफाइड चावल कहते है।